COVID-19 Rapid test Program organized by NSS @CSAUniversity

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत दिशा निर्देश के अनुपालन में चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत आज दिनांक 29 जून 2021 को कोविड -19 से सुरक्षा हेतु एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय के कर्मचारियों एवम् संकाय सदस्यों के लिए निशुल्क रैपिड एंटीजन टेस्ट तथा R T -PCR टेस्ट करवाया गया। उर्सला अस्पताल से आयी हुई टीम ने लक्षण बताने वाले कर्मचारियों को दवाइयां भी वितरित की।विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सर्वेंद्र गुप्ता, अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉक्टर डीआर सिंह तथा अधिष्ठाता ग्रह विज्ञान संकाय डॉ वेद रतन तिवारी ने भी अपनी सहभागिता दी। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम समन्वयक डॉ अर्चना सिंह द्वारा किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर संजीव सचान डॉ रश्मि सिंह एवं डॉ आरके पाठक ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से डॉक्टर नीलिमा कुंवर, डॉ कौशल कुमार डॉ मिथिलेश वर्मा , डॉक्टर अनिल कुमार सचान, डॉक्टर जी एस परिहार ने विशेष रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।विश्वविद्यालय के लगभग 50 कर्मचारियों एवं शिक्षकों ने निशुल्क टेस्ट का लाभ उठाया।